# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी चंडीगढ़
## (तिथि 8 सितंबर 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

**मुख्य समाचार :-**

1. ब्रिटेन ने भारत की कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना को मान्यता दी - भारतीय निर्यातकों को एक ही कार्बन उत्सर्जन के लिए दो बार शुल्क चुकाने से राहत मिलेगी।

2. फरीदाबाद के सूरजकुंड में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित कार्यशाला सम्पन्न हुई - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला नेतृत्व को मजबूत करने पर बल दिया।

3. हरियाणा सरकार ने चंडीगढ़ में एमएलए हॉस्टल की डिस्पेंसरी एवं अंबाला शहर और करनाल जिले के नागरिक अस्पतालों के लिए नई अल्ट्रासाउंड मशीनें खरीदने को मंजूरी दी।

4. हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के हरियाणा में खेलों को बढ़ावा न देने के आरोपों को खारिज किया।

5. भारतीय जनता पार्टी ने नशों की समस्या से निपटने में कोई ठोस कदम न उठाने के लिए आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की आलोचना की।

**************************************************************************

ब्रिटेन ने भारत की कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना को मान्यता दे दी है। ब्रिटेन ने यह राहत अपनी कार्बन सीमा समायोजन व्यवस्था के अंतर्गत दी है। इससे भारतीय निर्यातकों को एक ही कार्बन उत्सर्जन के लिए शुल्क दो बार नहीं चुकाना पड़ेगा।

अब ब्रिटेन में कार्बन टैक्स के दायरे में आने वाले भारतीय उत्पादों पर, भारत में पहले से चुकाए गए कार्बन मूल्य के आधार पर राहत मिल सकती है। इनमें इस्पात, एल्युमिनियम, उर्वरक और सीमेंट जैसे उत्पाद शामिल हैं। हालांकि, राहत की मात्रा भारत में वास्तव में चुकाए गए कार्बन मूल्य और ब्रिटेन के नियमों के तहत जरूरी प्रमाण और सत्यापन पर निर्भर करेगी।

यह फैसला दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रही तकनीकी वार्ता के बाद हुआ है।

**************************************************************************

फरीदाबाद के सूरजकुंड में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा **'शी इस दी चेंज मेकर '** विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला आज सम्पन्न हो गई।

समापन समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला नेतृत्व को मजबूत करने और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में अधिक अवसर देने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि **'शी इज़ चेंजमेकर' केवल एक शीर्षक** नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दशक में महिलाओं के जीवन को बदलने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि इस कार्यशाला में हुई चर्चा के सार्थक परिणाम मिलेंगे।
कार्यशाला में देश के 20 से अधिक राज्यों की महिला विधायकों ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व, नीति निर्माण तथा सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आई महिला विधायकों के अनुभवों और सुझावों से कार्यशाला को नई दिशा मिली।

**************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लाडवा के डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में ब्रह्मलीन देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की 22वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी के आदर्श आने वाली पीढियां के चरित्र को गढ़ने का काम करते रहेंगे।
इससे पहले मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्कूल के ऑडिटोरियम हॉल का उद्घाटन भी किया।

**************************************************************************

हरियाणा सरकार ने चंडीगढ़ स्थित एमएलए हॉस्टल की डिस्पेंसरी के साथ-साथ अंबाला शहर और करनाल जिले के नागरिक अस्पतालों के लिए नई अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीनें खरीदने की मंजूरी प्रदान की है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि इस कदम का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को समय पर और सटीक जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें इलाज और डायग्नोसिस के लिए महंगे निजी केंद्रों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ के सेक्टर-3 स्थित एमएलए हॉस्टल की डिस्पेंसरी के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन की खरीद और इसे प्रयोग में लाने पर लगभग 81 लाख रुपये की लागत आएगी। अंबाला और करनाल में भी जल्द ही यह मशीनें उपलब्ध कर दी जाएंगी।

**************************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज अंबाला में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा द्वारा मुख्यमंत्री नायब सैनी के पंजाब दौरे को लेकर दिए बयान पर प्रतिक्रिया दी।

***<u>"मुख्यमंत्री नायब सैनी पंजाब में भी है और हरियाणा में भी है, वह दोनों जगह का ठीक इंतजाम कर रहे हैं। हरियाणा को वह तेज गति से आगे बढ़ा रहे हैं और पंजाब सरकार को उखाड़कर वहां पर कमल के फूल वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने जा रहे हैं"।</u>***

श्री दीपेंद्र हुड्डा के हरियाणा में खेलों को बढ़ावा नहीं देने के आरोपों पर श्री अनिल विज ने कहा कि जमीनी सच्चाई ही उनेक आरोपों का जवाब है। उन्होंने काँग्रेस शासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में अम्बाला में ही फीफा अप्रूव्ड फुटबाल स्टेडियम,अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऑल वैदर स्वीमिंग पूल, जिम्नास्टिक हॉल व बैडमिंटन हॉल बनाकर दिए गए हैं।

**************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने नशों की समस्या से निपटने में कोई ठोस कदम न उठाने के लिए आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की आलोचना की है।

नई दिल्ली में भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के सामने ड्रग माफिया का पूरा तंत्र फल-फूल रहा है और फिर भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।श्री भाटिया ने संगरूर जिले की घटना का जिक्र किया जिसमें एक निवासी ने कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा से नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया था। लेकिन आम आदमी पार्टी के कुछ नेताओं ने उसे कथित रूप से धमकाया और मंत्री से माफी मांगने को कहा। इसके बाद उस निवासी ने आत्महत्या कर ली।

श्री भाटिया ने नशीले पदार्थों की समस्या से निपटने में विफल रहने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि मंत्री हरपाल सिंह चीमा को भी त्यागपत्र देना चाहिए ताकि घटना की निष्पक्ष जांच हो सके।

*************************************************************************

आज चंडीगढ़ में पूरे राज्य से आए हज़ारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी सरकार के ख़िलाफ़ ज़बरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की अगुवाई में, पार्टी कार्यकर्ता पंजाब कांग्रेस भवन के बाहर इकट्ठा हुए और मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए मार्च किया। हालाँकि, पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी ने उन्हें रोक दिया।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा को कथित तौर पर दिढ़बा के गुलज़ार सिंह की आत्महत्या के लिए ज़िम्मेदार ठहराते हुए उन्हें तुरंत बर्खास्त करने और गिरफ़्तार करने की माँग की। उन्होंने कहा कि गुलज़ार सिंह ने अपने मरने से पहले दिए बयान में श्री चीमा को आत्महत्या के लिए ज़िम्मेदार ठेराय था। उन्होंने मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखाने वाले शेरों गाँव के मोहनजीत सिंह पर पुलिस की बर्बरता का भी ज़िक्र किया और बलात्कार के आरोपी को सुरक्षा दिए जाने पर मुख्यमंत्री की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

*************************************************************************

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनी अंबाला के गांव सिरसगढ़ की सिमरनजीत कौर का आज गांव वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।

लेफ्टिनेंट सिमरनजीत कौर ने बताया कि बचपन से ही वह सेना में जाने का सोचती थी।

युवाओं और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए लेफ्टिनेंट सिमरनजीत कौर ने कहा कि यदि व्यक्ति बिना थके, पूरी लगन और अनुशासन के साथ लगातार मेहनत करे, तो प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता और सफलता अवश्य मिलती है।

*************************************************************************